**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**भूमि संसाधन विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 5253**
**दिनांक 24 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ**

**भूमि डिजिटलीकरण योजना**

**5253. श्री अशोक कुमार यादव :**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा देश में डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी)/भूमि डिजिटलीकरण योजना के अंतर्गत भूमि अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण, मानचित्रों के डिजिटलीकरण, सर्वेक्षणों और ऑनलाइन नामांतरण के लिए राज्य-वार कार्य किया जा रहा है, यदि हां, तो उक्त योजना के उद्देश्यों, प्रमुख घटकों और वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और उन राज्यों की सूची क्या है जिन्होंने इसमें भूमि अभिलेखों का पूर्ण अथवा आंशिक डिजिटलीकरण कर लिया है;

(ग) क्या बिहार में भूमि के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया की प्रगति राष्ट्रीय औसत से कम है, यदि हां, तो इसके मुख्य कारण क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार ने बिहार में उक्त डिजिटलीकरण कार्य में तेजी लाने के लिए कोई विशेष कार्य योजना तैयार की है, अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की है, निर्धारित समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए हैं या निगरानी तंत्र निर्धारित किए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में प्रस्तावित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी)**

(क) जी, हां। भारत सरकार देश में भूमि अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण, मानचित्रों के डिजिटलीकरण और सर्वेक्षण प्रक्रिया के लिए वर्ष 2016-17 से केंद्र सरकार से 100% वित्तीय सहायता के साथ डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के नाम से एक व्यापक कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य, अन्य बातों के साथ-साथ, नागरिकों को भूमि संबंधी रियल-टाइम सूचना प्रदान करने और विभिन्न संगठनों/एजेंसियों के साथ सूचना साझा करने में सक्षम बनाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एक आधुनिक, व्यापक और पारदर्शी भूमि अभिलेख प्रबंधन प्रणाली विकसित करना है। डीआईएलआरएमपी को दिनांक 01.04.2021 से 31.03.2026 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है।

इस कार्यक्रम के प्रमुख घटक और कार्यकलाप निम्नलिखित हैं :

| क्र.सं. | घटक | कार्यकलाप |
|---|---|---|
| 1 | भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण | (i) अधिकारों के अभिलेख का कम्प्यूटरीकरण; (ii) भू-कर मानचित्रों का डिजिटलीकरण; (iii) अधिकारों के अभिलेख (लिखित) और भू-कर मानचित्रों (स्थानिक) का एकीकरण; (iv) राज्य स्तर पर डाटा केंद्र। |
| 2 | रजिस्ट्रीकरण का कम्प्यूटरीकरण | (i) उप-रजिस्ट्रार कार्यालयों (एसआरओ) का कम्प्यूटरीकरण; (ii) उप-रजिस्ट्रार कार्यालयों और तहसीलों के बीच संयोजकता; और (iii) रजिस्ट्रीकरण और भूमि अभिलेखों का एकीकरण। |
| 3 | सर्वेक्षण/ पुनः सर्वेक्षण | सर्वेक्षण/पुनःसर्वेक्षण तथा सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अभिलेखों का अद्यतनीकरण। |
| 4 | आधुनिक अभिलेख कक्ष | तहसील स्तर पर आधुनिक अभिलेख कक्ष/ भूमि अभिलेख प्रबंधन केंद्र। |
| 5 | प्रशिक्षण और क्षमता संवर्धन | राज्यों के प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों और/अथवा सर्वेक्षण/राजस्व/पटवारी प्रशिक्षण संस्थानों में डीआईएलआरएमपी प्रकोष्ठों का सृजन। |
| 6 | परियोजना प्रबंधन इकाई | डीआईएलआरएमपी के विभिन्न घटकों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सहायता प्रदान करने हेतु मानव संसाधन और अन्य अवसंरचना प्रदान करना। |
| 7 | राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली का कम्प्यूटरीकरण | देश में सभी राजस्व न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण और उनका भूमि अभिलेखों के साथ एकीकरण। |
| 8 | भूमि अभिलेख डाटाबेस के साथ आधार संख्या का स्वैच्छिक आधार पर एकीकरण | अधिकारों के अभिलेख (आरओआर) के साथ आधार संख्या को जोड़ना। |

देश में डीआईएलआरएमपी की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है :

| क्र.सं. | घटक | इकाइयां | पूर्ण (%) |
|---|---|---|---|
| 1 | भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण | | |
| क | अधिकारों के अभिलेख (आरओआर) का कम्प्यूटरीकरण | गांवों की संख्या | 99.88 |
| ख | भू-कर मानचित्रों/एफएमबी का डिजिटलीकरण | मानचित्रों की संख्या | 97.41 |
| ग | अधिकारों के अभिलेख (आरओआर) से जुड़े भू-कर मानचित्र | गांवें की संख्या | 84.38 |
| 2 | उप-रजिस्ट्रार कार्यालयों (एसआरओ) का कम्प्यूटरीकरण | एसआरओ की संख्या | 96.65 |

(ख) डीआईएलआरएमपी एक मांग आधारित कार्यक्रम है और इस कार्यक्रम के विभिन्न घटकों के संबंध में प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी की जाती हैं। देश में डिजिटलीकरण की प्रगति **अनुलग्नक** में दी गई है।

(ग) और (घ) बिहार राज्य में भूमि का डिजिटलीकरण पूर्ण हो गया है। डिजिटलीकरण की राज्य-वार प्रगति **अनुलग्नक** में दी गई है।

****

**दिनांक 24.03.2026 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5253 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-I**

| डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | कुल गांव | आरओआर की संख्या | | | भू-कर मानचित्र | | |
| | | | कुल | कंप्यूटरीकृत | % | कुल | डिजिटलीकृत | % |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 205 | 89,747 | 89,747 | 100.00 | 214 | 214 | 100.00 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 16,267 | 3,26,17,293 | 3,26,17,293 | 100.00 | 14,725 | 14,725 | 100.00 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,412 | 0 | 0 | 0.0 | 0 | 0 | 0.00 |
| 4 | असम | 22,543 | 43,92,672 | 42,22,558 | 96.13 | 21,069 | 19,591 | 92.98 |
| 5 | बिहार | 45,858 | 4,34,68,047 | 4,34,68,047 | 100.00 | 74,452 | 74,452 | 100.00 |
| 6 | चंडीगढ़ | 25 | 25 | 25 | 100.00 | 108 | 108 | 100.00 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 20,267 | 2,50,67,712 | 2,50,67,712 | 100.00 | 48,037 | 47,872 | 99.66 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव | 97 | 1,19,165 | 1,19,165 | 100.00 | 2,923 | 2,923 | 100.00 |
| 9 | दिल्ली | 198 | 12,828 | 11,405 | 88.91 | 183 | 147 | 80.33 |
| 10 | गोवा | 421 | 7,56,189 | 7,56,189 | 100.00 | 14,828 | 14,828 | 100.00 |
| 11 | गुजरात | 18,511 | 1,22,37,133 | 1,22,37,133 | 100.00 | 26,911 | 26,911 | 100.00 |
| 12 | हरियाणा | 7,103 | 36,14,314 | 36,14,314 | 100.00 | 63,077 | 63,077 | 100.00 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 21,429 | 20,34,915 | 20,34,915 | 100.00 | 2,17,003 | 2,15,018 | 99.09 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 6,850 | 6,850 | 6,845 | 99.93 | 23,373 | 22,143 | 94.74 |
| 15 | झारखंड | 32,871 | 27,31,472 | 26,98,027 | 98.78 | 51,585 | 51,195 | 99.24 |
| 16 | कर्नाटक | 30,126 | 1,99,40,721 | 1,99,37,181 | 99.98 | 30,317 | 30,121 | 99.35 |
| 17 | केरल | 1,666 | 2,81,97,354 | 2,81,97,354 | 100.00 | 10,765 | 4,685 | 43.52 |
| 18 | लद्दाख | 248 | 249 | 150 | 60.24 | 1,513 | 1,333 | 88.10 |
| 19 | लक्षद्वीप | 10 | 72,425 | 72,425 | 100.00 | 0 | 0 | 0.00 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 56,851 | 5,32,96,578 | 5,32,96,578 | 100.00 | 56,435 | 54,717 | 96.96 |
| 21 | महाराष्ट्र | 44,534 | 2,62,74,755 | 2,62,74,755 | 100.00 | 44,219 | 43,971 | 99.44 |
| 22 | मणिपुर | 606 | 605 | 516 | 85.29 | 1,453 | 1,449 | 99.72 |
| 23 | मेघालय | 6,932 | 0 | 0 | 0.0 | 0 | 0 | 0.00 |
| 24 | मिजोरम | 640 | 3,31,160 | 3,31,160 | 100.00 | 1,073 | 1,073 | 100.00 |
| 25 | नगालैंड | 937 | 23,311 | 0 | 0.0 | 0 | 0 | 0.00 |
| 26 | ओडिशा | 51,820 | 2,01,64,329 | 2,01,28,059 | 99.82 | 1,37,304 | 1,37,243 | 99.96 |
| 27 | पुदुचेरी | 129 | 2,72,380 | 2,72,380 | 100.00 | 21,161 | 21,161 | 100.00 |
| 28 | पंजाब | 13,013 | 5,54,635 | 5,39,658 | 97.30 | 75,707 | 62,307 | 82.30 |
| 29 | राजस्थान | 49,305 | 1,35,70,102 | 1,33,88,607 | 98.66 | 1,33,438 | 1,30,883 | 98.09 |
| 30 | सिक्किम | 418 | 1,90,500 | 1,65,849 | 87.06 | 2,554 | 2,554 | 100.00 |
| 31 | तमिलनाडु | 16,810 | 3,68,34,607 | 3,68,34,607 | 100.00 | 30,955 | 30,955 | 100.00 |
| 32 | तेलंगाना | 10,890 | 1,02,74,968 | 1,02,74,968 | 100.00 | 17,432 | 14,365 | 82.41 |
| 33 | त्रिपुरा | 897 | 13,49,403 | 13,49,403 | 100.00 | 5,333 | 5,333 | 100.00 |
| 34 | उत्तराखंड | 16,691 | 15,25,474 | 15,25,474 | 100.00 | 87,611 | 84,816 | 96.81 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 1,08,910 | 1,10,326 | 1,10,326 | 100.00 | 1,18,247 | 1,18,247 | 100.00 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 42,310 | 5,87,89,969 | 5,87,89,969 | 100.00 | 68,359 | 67,561 | 98.83 |
| | **कुल योग** | **6,47,800** | **39,89,22,213** | **39,84,32,794** | **99.88** | **14,02,364** | **13,65,978** | **97.41** |

****